# दहीहांडा-दर्यापुर रोड पर तेज हवाओं के साथ असमय बारिश



कुछ समय के लिए प्रभावित हुई यातायात

**दर्यापुर, 14 जून-** दर्यापुर तहसील में अचानक दोपहर के समय में तेज हवाओं के साथ बादलों का जमावडा हो गया. कुछ भाग में असमय बारिश हुई. इस दौरान दोपहर 2 बजे दहीहांडा-दर्यापुर रोड पर लोतवाडा सीमा क्षेत्र में पुल के पास तेज हवाओं के कारण बडी बबूल संपूर्ण रोड पर गिरने से यातायात प्रभावित हो गई थी. यह घटना सामाजिक कार्यकर्ता भीमराव कु-हाडे को पता चलते ही वे अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ वहां पर पहुंचे और खुद के ट्रैक्टर से तथा उनके कार्यकर्ताओं ने बबूल को रोड की साइड में लेकर जाम हुई यातायात को पूर्ववत सुचारु किया. अचानक बडी बबूल गिरने से यातायात कुछ समय के लिए ठप हो गई थी. ऐसे में प्रशासन की प्रतीक्षा न कर तत्काल भीमराव कु-हाडे ने यह समस्या दूर करने पर सभी उनकी सराहना कर रहे है.

# मेरी नहीं तो किसी और की भी नहीं होगी...

## युवती का पीछा कर घर में घुसकर धमकाया | फोटो वायरल करने की धमकी

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून -** गाडगेनगर थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा पीछा करने, घर में घुसकर अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस ने मामले में आरोपी सैयद सकलैन सैयद बशीर (21, हबीब नगर नंबर 2) के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी पिछले करीब छह महीनों से उसका लगातार पीछा कर रहा था और अलग-अलग स्थानों पर उसे परेशान करता था. शिकायत के अनुसार शनिवार 13 जून को दोपहर करीब 2 बजे से 3 बजे के बीच आरोपी युवती के घर पहुंच गया. उस समय घर में युवती की मां और उसका भाई भी मौजूद थे. आरोप है कि आरोपी ने युवती से यह पूछते हुए विवाद किया कि वह अन्य लोगों से बात क्यों करती है और उससे बात क्यों नहीं करती. शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने परिवार के सदस्यों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और धमकी दी. पीड़िता के अनुसार



आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर कहा कि यदि वह उससे बात नहीं करेगी तो किसी और की भी नहीं होगी. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने जान से मारने तथा तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी. घटना के बाद मामला पुलिस थाना में पहुंचा. पुलिस ने मामले में आरोपी सैयद सकलैन सैयद बशीर (21, हबीब नगर नंबर 2) के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है.

## घर का ताला तोड डेढ़ लाख के आभूषण चोरी

**चांदूर रेलवे -** चांदूर रेलवे थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में अज्ञात चोरों द्वारा सेंधमारी कर करीब 1 लाख 49 हजार रुपये का सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता राजेश दिनकर कदम (59) जो बापूसाहेब देशमुख शिवाजी हाईस्कूल में शिपाई के पद पर कार्यरत हैं और नेहा कॉलोनी, चांदूर रेलवे में रहते हैं. बताया गया कि शिकायतकर्ता अपने एक रिश्तेदार की तबियत खराब होने के कारण उन्हें देखने के लिए अपनी पत्नी के साथ अमरावती गए हुए थे. इसी दौरान पिछले दो दिनों के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर का ताला और कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश किया. चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी को निशाना बनाते हुए सोने के आभूषण एवं अन्य सामान चोरी कर लिया. पुलिस के अनुसार चोरी हुए सामान में 20 ग्राम वजन का सोने का मंगलसूत्र, 3 ग्राम वजन की सोने की अंगूठी, 4 ग्राम वजन की सोने की अंगूठी, एलजी कंपनी का टीवी, साउंडबार कुल मिलाकर 1 लाख 49 हजार रुपये का सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई है.

# बेलपुरा में बरगद का पेड़ गिरा

## शहर में कई जगहों पर पेड़ों के गिरने की सूचना



**अमरावती-** रविवार, 14 को तेज हवाओं के साथ आई बारिश के चलते बेलपुरा में स्थित मंदिर के पास बरसों पुराना बड़ का पेड़ जड़ सहित उखड़ कर गिर गया. उल्लेखनीय है कि रविवार, 14 जून को तेज हवा के साथ आई तेज बारिश के कारण शहर में कई जगहों पर पेड़ों के गिरने की सूचना है. बेलपुरा स्थित मंदिर के पास बरसों पुराना बड़ का पेड़ जड़ों से उखड़ कर गिर गया. संयोग से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. इस पेड़ के गिरने से बेलपुरा बस्ती में अफरा तफर मच गई थी. इसके अलावा रविवार, 14 जून को आई बारिश के दौरान शहर में कई जगहों पर पेड़ों के गिरने की सूचना है. मनपा और अग्निशमन दल की टीमें गिरे हुए इन पेड़ों को रास्तों से हटाने में देर रात तक जुटी रही. पेड़ों के सड़क पर गिरने के कारण कई जगहों पर यातायात जाम की स्थिति देखी गई.

# तू भाई बन गया क्या... कहकर युवक पर चाकू से हमला

## पान की दुकान पर विवाद, गोपान नगर की घटना, तीन आरोपी नामजद

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून -** राजापेठ थाना क्षेत्र में देर रात पान की दुकान के पास हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है. हमले में युवक के हाथ में चोट आई. पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अंकुश रामेश्वर लाटेकर (31, गोपाल नगर, मायानगर) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. शिकायत में बताया गया कि घटना शनिवार, 13 जून की रात करीब 10 बजे भारत माता चौक, गोपाल नगर स्थित एक पान की दुकान के पास हुई. शिकायतकर्ता भोजन करने के बाद वहां खर्रा लेने गया था. आरोप है कि इसी दौरान आरोपी भाव्यांश जाने, दीप कपिले तथा उनके एक साथी ने उसे रोक लिया और कहा कि वह भाई बनने लगा है. इसके बाद आरोपियों ने उससे बहस करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी. शिकायत के अनुसार विवाद के दौरान आरोपियों ने उससे यह भी पूछा कि वह एक अन्य व्यक्ति के साथ क्यों रहता या



घूमता है. आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने अपनी कमर से चाकू निकाला और हमला करने का प्रयास किया. पीड़ित के अनुसार, उसने बचाव के लिए चाकू को हाथ से पकड़ लिया जिससे उसके दाएं हाथ में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. इसके बाद वह अपनी जान बचाने के लिए मौके से वहां से निकल गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है.

# बडनेरा के गोंदणीपुरा से 39 किलो गांजा जब्त

## दो आरोपी गिरफ्तार, गुप्त सूचना पर घर में छापा, 7.80 लाख का माल बरामद, बडनेरा पुलिस ने की कार्रवाई

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती.** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बडनेरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोंदणीपुरा क्षेत्र में एक घर पर छापेमारी कर करीब 39 किलो गांजा बरामद किया है. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 7 लाख 80 हजार रुपये का गांजा जब्त किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुड्डू बेग यासीन बेग (55, गोंदणीपुरा, बडनेरा) और जाकीर खान रहमत खान (32, ताज नगर नंबर-2) के रुप में हुई है.

जानकारी के अनुसार रविवार, 14 जून की रात बडनेरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोंदणीपुरा इलाके में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया है.



सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापा मारा.

तलाशी के दौरान पुलिस को मौके से बड़ी मात्रा में गांजा मिला. बरामदगी के तुरंत बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की. गिरफ्तार आरोपियों ने होने नाम गुड्डू बेग यासीन बेग (55) और जाकीर खान रहमत खान (32) बताया. पुलिस के अनुसार जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत 7 लाख 80 हजार रुपये है. बडनेरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर





लिया है और आगे की जांच जारी है. पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है.

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें. यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त राकेश ओला के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक उरलागोंडावर के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप हिवाळे, निलेश गुल्हाने, सुधीर प्रांजले, शिवनाथ आंधळे, कैलास जाधव, वचन पंडित, प्रमोद सायरे, धीरज यादव, मोहम्मद समीर, रितेश चव्हाण, एजाज शहा तथा संध्या मानकर की टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दी.


### उड़ीसा से गांजा लाने की जानकारी

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बरामद गांजा उड़ीसा से अमरावती लाया गया था. अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि शहर में यह गांजा किन लोगों तक पहुंचाया जा रहा था और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं. पुलिस इस पूरे नेटवर्क और सप्लाई चैन की जांच में जुटी हुई है तथा आगे और गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है.

## सिद्धनाथ दर्शन से लौट रहे श्रद्धालुओं पर टूटा कहर

# पिकअप वाहन कुएं में गिरा; 9 की मौत

### सोलापुर जिले की मालशिरस तहसील में दर्दनाक हादसा मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल




**सोलापुर.** देवदर्शन कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब उनका पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक कुएं में जा गिरा. सोलापुर जिले के मालशिरस तालुका में हुए इस भीषण हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं. कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है.

जानकारी के अनुसार, पंढरपुर तालुका के राजणी गांव के श्रद्धालु म्हसवड स्थित सिद्धनाथ महाराज के दर्शन के लिए गए थे. दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु एक पिकअप वाहन से वापस अपने गांव लौट रहे थे. इसी दौरान म्हसवड-तांदुळवाडी मार्ग पर वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित कुएं में जा गिरा.

बताया जाता है कि श्रद्धालुओं का वाहन मालशिरस तालुका के तांदळवाडी गांव के समीप पहुंचा ही था कि यह हादसा हो गया. कुएं में काफी मात्रा में पानी भरा होने के कारण कई श्रद्धालु उसमें डूब गए. हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई.

स्थानीय नागरिकों तथा प्रशासन की मदद से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया. कुछ घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है.

मालशिरस के विधायक उत्तम जानकर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में मृतकों में चार महिलाएं और चार छोटे बच्चों का भी समावेश है. उन्होंने कहा कि दो लोगों को जीवित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है. दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुआं सड़क के बिल्कुल किनारे स्थित है. वाहन किस कारण से अनियंत्रित हुआ, इसका पता लगाने के लिए प्रशासन द्वारा जांच शुरू कर दी गई है. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है.

# देवदर्शन की यात्रा बनी काल यात्रा

### कार की टक्कर से जीप पलटी; तीन महिलाओं की मौत

### लातूर-औसा मार्ग पर दर्दनाक हादसा, 10 लोग घायल

उमरगा से पुरुषोत्तमपुरी जा रहे थे श्रद्धालु



**लातूर, 14 जून-** देवदर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं की यात्रा उस समय मातम में बदल गई, जब उनकी क्रूजर जीप को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी. इस भीषण सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए. घायलों में जीप के नौ यात्री और कार चालक शामिल हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार धाराशिव जिले के उमरगा शहर के जुनीपेठ क्षेत्र निवासी पाटील परिवार के सदस्य एवं उनके रिश्तेदार क्रूजर जीप (एमएच-12 सीआर 8077) से बीड जिले के पुरुषोत्तमपुरी में देवदर्शन के लिए जा रहे थे. रविवार,14 जून तड़के करीब 1.40 बजे औसा-लातूर राष्ट्रीय महामार्ग पर बुधोडा गांव के समीप स्थित द्वारका होटल के सामने पीछे से आ रही क्रेटा कार (एमएच-24 एडब्ल्यू 3691) ने जीप को जोरदार टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि जीप सड़क किनारे गहरे खड्डे में जा गिरी और दो से तीन बार पलट गई. हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

हादसे में जीप में सवार निलावती आनंद पाटील (53 वर्ष), रेश्मा गंगाधर पाटील (33 वर्ष) तथा सरोजा सुरेश पतंगे (42 वर्ष), सभी निवासी उमरगा, की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना में शीतल कोळगे (35 वर्ष), विरेश पाटील (34 वर्ष), सुचिता देशमुख (35 वर्ष), कन्याकुमारी होडपळ (40 वर्ष), भक्ती देशमुख (12 वर्ष), लक्ष्मण मांजरे (50 वर्ष), विग्नेश पाटील (64 वर्ष), तम्मा स्वामी (35 वर्ष), कल्पना देशमुख (40 वर्ष) और कमल पोटगे (20 वर्ष) सहित अन्य लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. दुर्घटना की जांच जारी है.

# रविंद्र चव्हाण आज शहर में



**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती.** स्थानीय निकाय के विधान परिषद चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पोटे पाटिल के प्रचारार्थ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण सोमवार, 15 जून को अमरावती आ रहे हैं. पार्टी सूत्रों ने बताया कि रविंद्र चव्हाण इस दौरान भाजपा के नगरसेवकों से मुलाकात कर विधान परिषद में मतदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे. पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस दौरान रविंद्र चव्हाण महायुति के नगरसेवकों और महायुति के नेताओं से मुलाकात कर भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पोटे पाटिल के पक्ष में मतदान करने के लिए कहेंगे.

# रोहित पवार के अनशन को प्रहार का समर्थन पर बच्चू कडू पर की गई टिप्पणी से नाराजगी

### किसानों की कर्जमाफी की मांग को लेकर पंढरपुर में अनशन





**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती-** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने पंढरपुर में अनशन शुरू किया है. उनकी प्रमुख मांग है कि राज्य सरकार सभी शर्तें समाप्त कर किसानों के लिए सार्वभौमिक कर्जमाफी की घोषणा करे. कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों ने उनके आंदोलन को समर्थन दिया है. इसी बीच, शिवसेना शिंदे गुट के विधान परिषद सदस्य बच्चू कडू की प्रहार संगठन ने भी रोहित पवार के अनशन को समर्थन दिया है. हालांकि, अनशन के मंच से विधायक बच्चू कडू पर की गई आलोचना का भी प्रहार संगठन ने विरोध किया है.

**बच्चू कडू के आंदोलनों की याद दिलाई :** प्रहार संगठन ने कहा कि बच्चू कडू ने किसानों की कर्जमाफी, कृषि उपज को उचित मूल्य, दिव्यांगों की समस्याओं और आम जनता के न्याय के लिए लगातार संघर्ष किया है. इसलिए किसानों के मुद्दे पर किसी को भी राजनीति या व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं करने चाहिए.

प्रहार संगठन के कार्याध्यक्ष महेंद्र उर्फ बल्लू जवंजाळ ने कहा कि बच्चू कडू कर्जमाफी के मुद्दे पर विधानभवन में अपनी स्पष्ट और बेबाक भूमिका रखेंगे. किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा सरकार तक मजबूती से पहुंचाने के लिए वे अपने तरीके से आवाज उठाएंगे, इस बात का हमें पूरा विश्वास है.

# वेलकम मानसून : अमरावती में बरसे मेघ

**पहले पन्ने से जारी -**

**24 घंटे में 5 डिग्री गिरा अधिकतम तापमान :** अमरावती सहित विदर्भ के आसमान पर छाए बादलों और विगत दिनों हुई बारिश के चलते अमरावती का अधिकतमत तापमान 24 घंटे में 5 डिग्री गिरकर 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. शनिवार, 13 जून को जहां अमरावती का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री था वहीं रविवार, 14 जून को अधिकतम तापमान करीब 5 डिग्री गिरकर 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. अमरावती सहित पूरे विदर्भ के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गई है.

### विदर्भ के प्रमुख शहरों का तापमान (डिग्री सेल्सियस में)

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अकोला | 40.6 | 30.0 |
| अमरावती | 37.4 | 23.9 |
| भंडारा | 39.0 | 21.0 |
| बुलढाणा | 38.0 | 26.8 |
| चंद्रपुर | 40.2 | 26.2 |
| गडचिरोली | 39.6 | 26.6 |
| गोंदिया | 40.0 | 24.6 |
| नागपुर | 38.4 | 23.4 |
| वर्धा | 40.0 | 25.6 |
| वाशिम | -- | 23.2 |
| यवतमाल | 40.2 | 26.0 |

# वंचित के समर्थन पर कांग्रेस की दुविधा

**पहले पन्ने से जारी -** चुनाव को लेकर बेहद सावधानीपूर्ण रुख अपनाया है. उन्होंने वंचित के उम्मीदवार को समर्थन देना चाहिए या कांग्रेस के बागी उम्मीदवार हर्षजीत देशमुख के नाम पर ही आधिकारिक व्हिप जारी करना चाहिए, इसका अंतिम निर्णय स्थानीय नेताओं पर छोड़ दिया है. वरिष्ठ स्तर से निर्णय की जिम्मेदारी स्थानीय नेताओं पर आने के कारण अमरावती के कांग्रेस नेताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं. परिणामस्वरूप, वंचित उम्मीदवार को समर्थन देने के फैसले पर अभी तक अंतिम मुहर नहीं लग पाई है.

**सोमवार-मंगलवार को पत्रकार परिषद; बबलू देशमुख के संकेत**

इस पूरे राजनीतिक असमंजस पर विराम लगाने के लिए कांग्रेस अब सीधे मैदान में उतरने जा रही है. यदि सोमवार तक वंचित को समर्थन देने के बारे में अंतिम निर्णय नहीं हो पाता है, तो सोमवार या मंगलवार को कांग्रेस के स्थानीय नेता एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे.

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बबलू देशमुख ने बताया कि इस पत्रकार परिषद में कांग्रेस आखिर किसका समर्थन करेगी, बागी उम्मीदवारों का क्या होगा और पार्टी की आधिकारिक भूमिका क्या रहेगी, यह स्पष्ट किया जाएगा. इसलिए आगामी 48 घंटों में अमरावती की राजनीति में बड़े घटनाक्रम होने के संकेत मिल रहे हैं.

# बोहरा समाज का योमे आशूरा शुरू कल से

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती-** सोमवार, 15 जून से दाऊदी बोहरा समाज नए हिजरी वर्ष 1448 का स्वागत पारंपरिक उल्लास के साथ करेगा. नववर्ष के पहले दिन जिले के समाजजन एक-दूसरे को मुबारकबाद देंगे, घरों में फल, ड्राय फ्रूट व मिठाइयों के आकर्षक थाल सजाएंगे. परिवारों में खुशियों का माहौल रहेगा. हालांकि इस उत्सव के अगले ही दिन मंगलवार, 16 जून से पूरा समाज इमाम हुसैन की याद में गम और इबादत के माहौल में प्रवेश कर जाएगा.

उल्लेखनीय है कि मोहर्रम की दूसरी तारीख से लेकर योमे आशूरा यानी दसवीं तारीख तक समाजजन मस्जिदों में वाअज (धार्मिक प्रवचन), गम-ए-हुसैन की मजलिस व पांच वक्त की नमाज में शामिल होकर इमाम हुसैन की कुबार्नी को याद करेंगे.

**अमरावती में बोहरा समाज की 50-60 दुकानें बंद रहेंगी :** विदित हो कि अमरावती के इतवारा और वलगांव रोड पर बोहरा समाज के व्यापरियों की 50-60 दुकानें हैं. योमे आशूरा के दौरान 10 दिनों तक ये दुकानें बंद रहेंगी.

**मस्जिद पहुंचकर वाअज में शामिल होने के निर्देश :** बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन मौला का स्पष्ट फरमान है कि मोहर्रम की दूसरी से दसवीं तारीख तक सभी समाजजन समय से पहले मस्जिद पहुंचकर वाअज में शामिल हो, शाम की मजलिस में उपस्थित रहें व पांचों वक्त की नमाज अदा करें. इसी संदेश को आत्मसात करते हुए समाज के लोगों ने अपने दैनिक कार्यों व व्यवसायों को पूरी तरह स्थगित रखने का निर्णय है. ताकि इबादत और गम-ए-हुसैन में किसी प्रकार की बाधा न आए. अशूरा के दौरान फोन कॉल व संदेशों से व्यवधान न हो, इसलिए समाजजन अपने परिचितों को पहले ही सूचित कर चुके हैं.

## 10 दिनों तक समाजबंधु मस्जिदों में वाज में होंगे शामिल

**9 दिनों तक स्कूलों में छुट्टी और बंद रहेंगे प्रतिष्ठान व स्कूल :** इस वर्ष 16 जून से 24 जून तक अशरा मुबारक के दौरान बोहरा समाज के व्यापारी अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखेंगे. सिर्फ ऑफलाइन ही नहीं, बल्कि ऑफलाइन कारोबार भी इन नौ दिनों तक संचालित नहीं किया जाएगा. इस संबंध में व्यापारियों ने पहले से ही ग्राहकों और व्यावसायिक सहयोगियों को इसकी सूचना देना शुरू कर दिया है. इसके साथ ही बोहला समाज की स्कूलों में भी इन दिनों छुट्टियां रहेंगी



**विद्यार्थियों की छुट्टी के लिए दे दी सूचना :** समाज की संस्थाओं ने स्कूलों और कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की नौ दिनों की अनुपस्थिति के लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों को आवेदन भेज दिए हैं. अभिभावकों का मानना है कि इन दिनों बच्चों की धार्मिक सहभागिता और आध्यात्मिक शिक्षा अधिक महत्वपूर्ण होती है, इसलिए वे भी अशूरा की सभी गतिविधियों में शामिल रहेंगे.

**आस्था के नए द्वार खुलते हैं :** समाज के लोगों का मानना है कि हुसैन का गम हर वर्ष आस्था के नए द्वार खोलता है. मोहर्रम की दूसरी से दसवीं तारीख तक पूरा वातावरण या हुसैन की सदाओं से गूंजता रहता है. श्रद्धालु इमाम हुसैन की तीन दिन की भूख-प्यास और उनकी महान कुबार्नी को याद कर भावुक हो उठते हैं. यही कारण है कि हिजरी नववर्ष की खुशियों के तुरंत बाद पूरा बोहरा समाज नौ दिनों तक इबादत, अनुशासन, त्याग और गम-ए-हुसैन में पूरी तरह समर्पित नजर आता है.

**आशूरा मुबारक की वाअज लंदन में आयोजित होगी :** बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन मौला इन दिनों लंदन में हैं. इसलिए दाऊदी बोहरा समुदाय का वार्षिक 'आशूरा मुबारक' (इमाम हुसैन की शहादत की याद में आयोजित दस दिवसीय कार्यक्रम) लंदन में आयोजित होगा. जहां पूरी दुनिया से हजारों-राखों समाजबंधु जुटेंगे.